मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-23
10/01/2019

मुख्यमंत्री ने विधान पार्षद स्व0 सूरज नंदन कुशवाहा के श्राद्धकर्म में भाग लिया

पटना, 10 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजेन्द्र नगर स्थित शाखा मैदान जाकर विधान पार्षद स्व0 सूरज नंदन कुशवाहा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके श्राद्धकर्म में भाग लिया। इस अवसर पर उनके परिजनों से मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री हारून रसीद, पथ निर्माण मंत्री श्री नन्दकिशोर यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री नित्यानंद राय, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, मेयर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द सिंह उर्फ छोटू सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*****